nt>

Title: Need to provide reservation to the Dalit Adivasis in Private Sector.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोदय, निजी क्षेत्र में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को आरक्षण देने के सम्बन्ध में यूपीए की सरकार ने आश वासन दिया है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि निजी क्षेत्र में एस.सी. और एस.टी. के लोगों को 25 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। इस सम्बन्ध में सरकार को सभी उद्योगपतियों के साथ और सभी राजनीतिक दलों के साथ मीटिंग करनी चाहिए और इस मुद्दे पर आम सहमति बनाकर इन लोगों को 25 प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। अगले छः महीनों के अंदर यह निर्णय होना चाहिए, ऐसा सरकार को प्रयास करना चाहिए।